# यूपी में दस सालों में सात गुना बढ़े रिटर्न फाइल करने वाले

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने की मुख्यमंत्री योगी के संकल्पों में यहां की जनता बढ़ चढ़कर अपना योगदान दे रही है। व्यापारी और नौकरी पेशा लोगों द्वारा आयकर रिटर्न फाइल करने का ग्राफ बढ़ने लगा है। 2023 में 11.92 लाख लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किया। रिटर्न फाइल करने में यूपी अब देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य बन गया है। जून 2014 में कुल 1.65 लाख आयकर रिटर्न उत्तर प्रदेश से फाइल होते थे।



**1.5** लाख के करीब रिटर्न फाइल होते थे जून 2014 में

**12** लाख के करीब रिटर्न फाइल हुए जून 2023 में यूपी से

- देश की जीडीपी में योगदान में यूपी दूसरे नंबर पर पहुंचा

## शेयर बाजार में निवेश के प्रति आकर्षण बढ़ रहा

इतना ही नहीं यूपी वालों का रुझान अब शेयर बाजार में भी बढ़ने लगा है। अप्रैल 2023 में यूपी से 1.26 लाख डीमैट खाते खुलवाए गए। शेयर बाजार के माध्यम से भी यहां के लोग विभिन्न कंपनियों में निवेश करते हुए अपनी आमदनी में इजाफा कर रहे हैं।

## छह साल में राज्य की जीडीपी दोगुना हुई

चौतरफा प्रयासों का नजीता है कि यूपी की जीडीपी पिछले छह साल में दोगुना अधिक हो गया है।

2016-17 में प्रदेश का जीएसडीपी 12.89 लाख करोड़ था। 2023-2024 में जीएसडीपी 24,39,171 करोड़ रुपये (अनुमानित) हो चुका है। यूी में बैंकों के व्यवसाय में भी तेज इजाफा हो रहा है। 2022-23 में बैंकिंग व्यवसाय 70 हजार करोड़ की वृद्धि के साथ 22.06 लाख करोड़ रुपये हो गया था।

## देश की जीडीपी में यूपी दूसरे नंबर पर

प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर का ढांचा मजबूत होने से बढ़े आर्थिक व कारोबारी गतिविधियों से यूपी मौजूदा समय में देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। एसओआइसी डाट इन ने सेंसेक्स और सीएलएसए की ताजा रिपोर्ट के अनुसार जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 15.7 प्रतिशत है और यूपी की हिस्सेदारी 9.2 प्रतिशत है।